**Fourteenth Loksabha**

**Session : 8**
**Date : 25-08-2006**

**Participants : Mahato Shri Sunil Kumar**

an>

Title : Need for immediate implementation of Rajiv Gandhi Rural Electrification Scheme in various district of Jharkhand.

**श्री सुनिल कुमार महतो (जमशेदपुर) :** महोदय, केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत सुविधा उपलब करने हेतु अप्रैल, 2005 में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना प्रारंभ किया। इस योजना के द्वारा देश के कोई राज्य में र्वा 2005-06 में करीब 7 हजार गांवों में बिजली पहुंचायी गयी एवं र्वा 2006-07 के दौरान 40 हजार गांवों का विद्युतीकरण किया गया। परन्तु, झारखंड राज्य के पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसांवा एवं पश्चिम सिंहभूम जिलों में राज्य सरकार का उदासीनता के कारण राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण हेतु अभी तक निविदा का निपादन नहीं हो पाया है जिसके कारण कार्य प्रारंभ होने में काफी विलंब हो रहा है जबकि इन तीनों जिलों में 70 प्रतिशत से भी अधिक गांवों में विद्युतीकरण नहीं हुआ है। इस तरह राज्य सरकार के अक्षमता के कारण केन्द्र सरकार ने जो लक्ष्य रखा है उसे समयावधि में पूरा नहीं कर सकता है।

अतः सदन के माध्यम से सरकार से मेरी मांग है कि झारखंड राज्य के पूर्वी सिहंभूम, सरायकेला-खरसांवा एवं पश्चिम सिहंभूम जिलों में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना का अविलंब कार्यान्वयन हेतु हस्तक्षेप कर यथाशीघ्र कार्य प्रारंभ कराया जाये।